Downloaded From : http://www.cbseportal.com

**सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा, मार्च – 2018**
**मूल्यांकन योजना–राजनीति विज्ञान**
**अपेक्षित उत्तर/मूल्य बिन्दु**

**Series SGN** **59/1(Delhi & Haryana)**

| | | |
|---|---|---|
| **प्र0 1.** | **शीत युद्ध काल के दौरान संयुक्त राज्य अमरीका और सोवियत संघ की विचारधाराओं में कोई एक अंतर स्पष्ट कीजिए।** | |
| उ0 | **(i)** अमरीका पूंजीवाद का अनुपालन कर रहा था जबकि सोवियत संघ समाजवाद का अनुपालन कर रहा था।<br>**(ii)** अमरीका उदार लोकतांत्रिक विचारधारा को प्राथमिकता देता था जबकि सोवियत संघ एक दल के शासन को प्राथमिकता देता था।<br>(कोई एक अंतर) | 1 |
| **प्र0 2.** | **अमरीकी वर्चस्व के अवरोधक के रूप में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सत्य है ?**<br>a) रूस की बढ़ती हुई शक्ति।<br>b) विश्व में फैला हुआ आतंकवाद।<br>c) अमरीकी राज्य का अपना सांस्थानिक ढ़ाँचा।<br>d) एक नई आर्थिक शक्ति के रूप में भारत का उदय। | |
| उ0 | **(c)** अमरीकी राज्य का अपना सांस्थानिक ढ़ाँचा। | 1 |
| **प्र0 3.** | **1975 में लगाए गए राष्ट्रीय आपातकाल को लोगों द्वारा नापसंद करने के लिए उत्तरदायी किसी एक कारण की पहचान कीजिए।** | |
| उ0 | **(i)** आपातकाल के दौरान सरकार द्वारा नागरिक अधिकारों को छीन लिया गया।<br>**(ii)** लोगों पर उपयुक्त कारणों के बिना ज़्यादितियां की गईं।<br>**(iii)** सभी विपक्षी नेताओं को बिना किसी दोष/मुकद्दमें के जेलों में डाल दिया गया।<br>(कोई एक कारण) | 1 |
| **प्र0 4.** | **जन आंदोलन के किसी एक लाभ को उजागर कीजिए।** | |
| उ0 | **जन आंदोलन के लाभ**<br>**(i)** जन आंदोलन विविध समूहों की प्रभावी भागीदारी और उनकी मांगों की प्रस्तुति को सुनिश्चित करते हैं।<br>**(ii)** इन आंदोलनों से समाज में विभाजन और विवाद कम होते हैं।<br>**(iii)** लोगों की राजनीति और समाज में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होती है।<br>**(iv)** दलीय राजनीति की कार्यप्रणाली के दोषों को दूर करते हैं तथा लोकतान्त्रिक प्रक्रिया के अभिन्न अंग हैं।<br>(कोई एक लाभ) | 1 |
| **प्र0 5.** | **'चिपको आंदोलन' का नाम कैसे पड़ा ?** | |
| उ0 | इस आंदोलन को चलाने वाले लोग पेड़ों को कटने से बचाने के लिए पेड़ों को अपनी बाहों में घेरकर चिपक जाते थे– जिस कारण इस आंदोलन का नाम चिपको आंदोलन पड़ा। | 1 |
| **प्र0 6.** | **शॉक थेरेपी (आघात पहुँचाकर उपचार करना) के किन्हीं दो परिणामों का आकलन कीजिए।** | |
| उ0 | **शॉक थेरेपी के परिणाम**<br>**(i)** रूस में सरकार द्वारा नियंत्रित बड़े उद्योग लगभग बंद हो गए क्योंकि लगभग 90% उद्योगों को निजी लोगों और कम्पनियों को बहुत कम दाम पर बेच दिया गया जिसे इतिहास की सबसे बड़ी 'गेराज सेल' कहा गया।<br>**(ii)** रूसी मुद्रा रूबल के मूल्य में नाटकीय गिरावट आई।<br>**(iii)** सामूहिक खेती व्यवस्था भंग हो गई।<br>**(iv)** अनेक आर्थिक गतिविधियों का निजीकरण हुआ।<br>**(v)** रूस की पुरानी समाज कल्याण व्यवस्था को नष्ट किया गया।<br>(कोई दो परिणाम) | 1x2=2 |



Downloaded From : http://www.cbseportal.com Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://www.cbseportal.com

| | | |
|---|---|---|
| प्र0 7. | **कोई दो उदाहरण देकर यह दर्शाइए कि वैश्वीकरण ने हमारी खाने–पीने की आदतों को प्रभावित किया है।** | |
| उ0 | **(i)** वैश्वीकरण के कारण हमारे पारस्परिक पेय 'लस्सी, शिकंजी, इत्यादि' का स्थान 'कोक और पैप्सी' ने ले लिया।<br>**(ii)** खान–पान की हमारी पारम्परिक आदतें 'चपाती एंव चावल इत्यादि खाने' पर पिज़्ज़ा, बर्गर और पैट्रीज ने कब्जा कर लिया।<br>**(iii)** चाऊमीन, नूडल्स, पास्ता इत्यादि हमारे खान–पान की आदतों में बदलाव के अन्य उदाहरण हैं।<br>(कोई दो उदाहरण) | 1x2=2 |
| प्र0 8. | **पर्यावरण संबंधी किन्हीं दो मुद्दों का उल्लेख कीजिए जो वैश्विक राजनीति की चिन्ता का विषय बन चुके हैं।** | |
| उ0 | **पर्यावरण संबंधी मुद्दे जो वैश्विक राजनीति की चिन्ता का विषय बन गए हैं**<br>**(i)** दुनिया भर में कृषि योग्य भूमि में कोई बढ़ोतरी नहीं हो रही है जबकि वर्तमान उपजाऊ भूमि की उर्वरता में कमी हो रही है।<br>**(ii)** विकासशील देशों में एक अरब बीस करोड़ जनता को स्वच्छ पेय जल उपलग्ध नहीं है।<br>**(iii)** पूरे विश्व में प्राकृतिक जंगलों को काटा जा रहा है जिससे जलवायु प्रभावित हुआ है।<br>**(iv)** धरती के ऊपरी वायुमण्डल में ओज़ोन गैस की मात्रा में लगातार कमी हो रही है जिससे पारिथितिकी तंत्र पर खतरा मंडरा रहा है।<br>**(v)** समुद्रतटीय क्षेत्रों में प्रदूषण बढ़ रहा है।<br>(कोई दो) | 1x2=2 |
| प्र0 9. | **स्तंभ 'A' में दिए गए तथ्यों का स्तंभ 'B' के तथ्यों से सार्थक मिलान कीजिए :–**<br>**स्तंभ 'A'** — **स्तंभ 'B'**<br>**(a) द्विराष्ट्र के सिद्धांत को प्रस्तुत करने वाला नेता** — **(i) सुकुमार सेन**<br>**(b) जिसने 1952 में एक अलग राज्य की माँग की** — **(ii) एम. ए. जिन्ना**<br>**(c) भारत का प्रथम चुनाव आयुक्त** — **(iii) सी. राजगोपालाचारी**<br>**(d) स्वतंत्र पार्टी का संस्थापक** — **(iv) पोट्टी श्रीरामुलु** | |
| उ0 | **स्तंभ 'A'** — **स्तंभ 'B'**<br>(a) द्विराष्ट्र के सिद्धांत को प्रस्तुत करने वाला नेता — (ii) एम. ए. जिन्ना<br>(b) जिसने 1952 में एक अलग राज्य की माँग की — (iv) पोट्टी श्रीरामुल<br>(c) भारत का प्रथम चुनाव आयुक्त — (i) सुकुमार सेन<br>(d) स्वतंत्र पार्टी का संस्थापक — (iii) सी. राजगोपालाचारी | ½ × 4=2 |
| प्र0 10. | **आपके विचार में भारत द्वारा गुटनिरपेक्षता की नीति को चुनना कहाँ तक न्यायसंगत है ?** | |
| उ0 | **(i)** भारत ने गुटनिरपेक्षता की नीति को चुना क्योंकि यह निर्णय लेने में स्वतंत्र और संप्रभु रहना चाहता था।<br>**(ii)** इस नीति ने भारत को शक्ति संतुलन बनाने में सहायता की।<br>**(iii)** भारत को दोनों महाशक्तियों से सहायता मिलती रही।<br>अथवा अन्य कोई प्रासंगिक उत्तर<br>(कोई दो) | 1x2=2 |
| प्र0 11. | **यूरोपीय संघ को प्रभावशाली संगठन बनाने वाले किन्हीं चार कारकों की व्याख्या कीजिए।** | |
| उ0 | **यूरोपीय संघ को प्रभावशाली बनाने वाले कारक**<br>**(i)** यूरोपीय संघ, विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है जिसका सकल घरेलू उत्पाद 12000 अरब डालर से अणिक है।<br>**(ii)** इसके दो सदस्य–देश ब्रिटेन और फ्रांस संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य हैं।<br>**(iii)** यूरोपीय संघ की संयुक्त सैन्य शक्ति, विश्व की दूसरी बड़ी सैनिक ताकत के हिसाब से दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है।<br>**(iv)** यह एक राज्य की भांति कार्य करता है जिसका अपना झण्डा, गान, स्थापना दिवस और सांझी मुद्रा है।<br>अथवा अन्य कोई प्रासंगिक बिन्दु<br>(कोई चार) | 1 × 4=4 |
| प्र0 12. | **किन दो मुख्य उम्मीदों के आधार पर 1945 में, संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की गई थी ? संयुक्त राष्ट्र के किन्हीं दो अंगो और दो एजेंसियों का उल्लेख कीजिए।** | |



Downloaded From : http://www.cbseportal.com Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://www.cbseportal.com

| | | |
|---|---|---|
| उ0 | • **संयुक्त राष्ट्र से उम्मीदें**<br>**(i)** अन्तर्राष्ट्रीय संघर्षों को रोकना।<br>**(ii)** विभिन्न राज्यों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना।<br>**(iii)** राज्यों के बीच संघर्षों और युद्धों को रोकना<br>**(iv)** पूरे विश्व में सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए देशों को एक दूसरे के निकट लाना।<br>(कोई दो)<br>• **संयुक्त राष्ट्र के अंग**<br>महासभा, सुरक्षा परिषद, अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय, आर्थिक और सामाजिक परिषद, सचिवालय<br>(कोई दो)<br>**संयुक्त राष्ट्र की एजेन्सीज़**<br>विश्व स्वास्थ्य संगठन, अन्तर्राष्ट्रीय मज़दूर संघ, यूनेस्को, यूनिसेफ आदि (कोई दो) | 2+2=4 |
| **प्र0 13.** | **प्रथम तथा द्वितीय पंचवर्षीय योजनाओं के उद्देश्यों तथा उपलब्धियों की तुलना कीजिए। इस आधार पर यह निष्कर्ष निकालिए कि दोनों में से कौन–सी योजना ने भारत के विकास को एक नया आयाम दिया।** | |
| उ0 | • **प्रथम तथा द्वितीय पंचवर्षीय योजनाओं के उद्देश्यों तथा उपलब्धियों में तुलना**<br>**(i)** प्रथम पंचवर्षीय योजना में मुख्यतः कृषि क्षेत्र पर ध्यान दिया गया जबकि द्वितीय पंचवर्षीय योजना में भारी उद्यागों पर ध्यान दिया गया।<br>**(ii)** प्रथम पंचवर्षीय योजना ने देश के विकास के लिए भूमि सुधारों पर ध्यान दिया जबकि द्वितीय पंचवर्षीय योजना ने समाज को समाजवादी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया।<br>**(iii)** प्रथम पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य देश को गरीबी के चक्र से बाहर लाना था जबकि द्वितीय पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य तीव्रता से विकास करना था।<br>• द्वितीय पंचवर्षीय योजना ने भारत के विकास को एक नया आयाम दिया। | 3+1=4 |
| **प्र0 14.** | **भारत की परमाणु नीति की व्याख्या कीजिए।** | |
| उ0 | **भारत की परमाणु नीति**<br>**(i)** भारत को आधुनिक बनने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर विश्वास है। हमारे औद्योगिकीकरण में परमाणु कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कारक है।<br>**(ii)** भारत परमाणु ऊर्जा का प्रयोग शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए करने का पक्षधर है।<br>**(iii)** भारत परमाणु हथियारों का विरोध करता है।<br>**(iv)** भारत ने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए क्योंकि यह भेदभावकारी है।<br>**(v)** भारत ने 1995 में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबन्ध सन्धि का भी विरोध किया।<br>**(vi)** प्रथम परमाणु परीक्षण के बाद, भारत ने इसको शान्तिपूर्ण परीक्षण बताया।<br>अथवा कोई अन्य उपयुक्त कारण।<br>(कोई चार ) | 1x4=4 |
| **प्र0 15.** | **'गठबंधन की सरकारें, लोकतंत्र के लिए वरदान सिद्ध हुई हैं।' इस कथन के पक्ष में कोई दो उपयुक्त तर्क दीजिए।** | |
| उ0 | **गठबंधन की सरकारें, लोकतंत्र के लिए वरदान सिद्ध हुई हैं क्योंकि**<br>**(i)** इससे व्यवहारिक राजनीति का प्रारम्भ हुआ और वैचारिक मुद्दे कमज़ोर हुए।<br>**(ii)** मिली जुली सरकारों ने बहुत से मुद्दों पर सहमति को निर्मित किया है।<br>**(iii)** इन सरकारों से क्षेत्रीय दलों का महत्व स्थापित हुआ।<br>**(iv)** क्षेत्रीय मांगें तथा अपेक्षाएं प्रकाश में आईं।<br>**(v)** इनसे राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिला क्योंकि अधिकांश दलों को निर्णय लेने तथा निर्माण में भागीदारी का अवसर मिला।<br>**(vi)** न्यूनतम सांझे कार्यक्रम के अन्तर्गत बहुत से विवादित मुद्दों को कुछ समय के लिए टाल दिया गया।<br>अथवा कोई अन्य उपयुक्त तर्क।<br>(कोई दो तर्क) | 2 × 2=4 |
| **प्र0 16.** | **नर्मदा बचाओ आंदोलन की किन्हीं चार माँगों को सूचीबद्ध कीजिए।** | |
| उ0 | **नर्मदा बचाओ आंदोलन की माँगें**<br>**(i)** परियोजनाओं द्वारा प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से प्रभावित सभी लोगों का पुनर्वास। | 1 × 4=4 |



Downloaded From : http://www.cbseportal.com Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://www.cbseportal.com


CBSE PORTAL www.cbseportal.com

| | | |
|---|---|---|
| | **(ii)** आंदोलन की मांग थी कि स्थानीय लोगों का इस प्रकार के निर्णयों तथा प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल, भूमि और वनों पर प्रभावकारी नियंत्रण होना चाहिए।<br>**(iii)** लोकतंत्र में कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए अन्य को कुर्बानी करने के लिए विवश नहीं किया जाना चाहिए।<br>**(iv)** बांधों के निमार्ण पर रोक लगाने की मांग की गई।<br>अथवा कोई अन्य उपयुक्त मांग।<br>(कोई चार मांगें) | |
| **प्र0 17.** | **निम्नलिखित अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**<br>परस्पर विरोधी गुटों के अपेक्षाकृत छोटे देशों ने महाशक्तियों के साथ अपने–अपने जुड़ाव का इस्तेमाल निजी हित में किया। इन देशों को स्थानीय प्रतिद्वंद्वी देश के खिलाफ सुरक्षा का वायदा मिला, हथियार और आर्थिक मदद मिली। इन देशों की अपने पड़ोसी देशों से होड़ थी। महाशक्तियों के नेतृत्व में गठबंधन की व्यवस्था से पूरी दुनिया के दो खेमों में बंट जाने का खतरा पैदा हो गया।<br><br>**(i)** इस अवतरण में उल्लेखित दोनों महाशक्तियों के नाम लिखिए।<br>**(ii) गठबंधन की व्यवस्था ने छोटे देशों को अपने पड़ोसी देशों से रक्षा का आश्वासन कैसे दिया ?**<br>**(iii) महाशक्तियों द्वारा छोटे देशों को अपने गठबंधन में शामिल करने के कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए।** | |
| उ0 | i) संयुक्त राज्य अमरीका और सोवियत संघ<br>ii) a) **छोटे** देश अपने क्षेत्रीय पड़ोसियों से सुरक्षा, हथियार आदि प्राप्त करने के लिए किसी एक या अन्य महाशक्ति के साथ जुड़ना चाहते थे।<br>b) महाशक्तियों ने अपने सहयोगियों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की तथा किसी भी बाहरी हमले से सुरक्षा का आश्वासन दिया ।<br>अथवा कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु<br>(कोई दो)<br>iii) महाशक्तियां निम्न फायदों के लिए छोटे राज्यों के साथ गठजोड़ करना चाहते थे।<br>a) महत्वपूर्ण संसाधनों–जैसे तेल और खनिज।<br>b) भू–क्षेत्र– जहां से महाशक्तियां अपने हथियारों और सेना का संचालन कर सकें।<br>c) सैनिक ठिकाने– जहां से महाशक्तियां एक–दूसरे की जासूसी कर सकें।<br>d) सैन्य खर्चों के भुगतान करने के लिए आर्थिक सहायता ।<br>e) वैचारिक आधार पर **उनकी वफादारी** दर्शाती है कि सुझाव दिया कि महाशक्तियां विचारों के युद्ध भी जीत रही थीं।<br>(कोई दो) | 1+2+2=5 |
| **प्र0 18.** | **निम्नलिखित अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**<br>भाषावार राज्यों के पुनर्गठन से विभिन्नता के सिद्धांत को स्वीकृति मिली। जब हम कहते हैं कि भारत ने लोकतंत्र को अपनाया है तो इसका सीधा–सा मतलब इतना भर नहीं होता कि .....भारत में चुनाव करवाए जाते हैं। भारत के लोकतांत्रिक होने का एक वृहतर अर्थ है। लोकतंत्र को चुनने का अर्थ था विभिन्नताओं को पहचानना और उन्हें स्वीकार करना। साथ ही यह भी मान कर चलना कि विभिन्नताओं में आपसी विरोध भी हो सकतें हैं।<br>**(i) भारत में लोगों के सांस्कृतिक जीवन में विभिन्नता के किन्हीं दो रूपों की पहचान कीजिए।**<br>**(ii) किन्हीं दो उदाहरणों द्वारा दर्शाइए कि भारत में लोकतंत्र, विचारों की बहुलता और विभिन्नताओं की स्वीकार्यता से जुड़ा हुआ है।**<br>**(iii) लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में चुनावों की भूमिका का आकलन कीजिए।** | |
| उ0 | i) सांस्कृतिक जीवन में विविधता:<br>**क**) विभिन्न भाषाएं<br>ख) विभिन्न त्योहार और परंपराएं<br>ग) विभिन्न धर्म और विश्वास<br>घ) विभिन्न शारीरिक **बनावट**, विभिन्न भोजन, कपड़ों की आदतें। (कोई दो) | 1+2+2=5 |



Downloaded From : http://www.cbseportal.com Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://www.cbseportal.com

| | | |
|---|---|---|
| | ii) भारत में लोकतंत्र विचारों की बहुलता और मतभेदों की स्वीकृति से जुड़ा हुआ है<br>क) प्रत्येक अल्पसंख्यक **को** भारतीय संविधान के माध्यम से संरक्षण **प्राप्त** है।<br>ख) सामाजिक स्वीकार्यता स्पष्ट दिखाई दे**ती** है।<br><br>iii) **चुनावों की भूमिका**<br>**क**) चुनाव हमें अपने प्रतिनिधियों को चुनने का अवसर प्रदान करते हैं।<br>ख) **सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार** समानता और बहुलता **की** नींव रखता है। | |
| **प्र0 19.** | **निम्नलिखित अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**<br>आपातकाल से हर कोई नागरिक अधिकारों के प्रति ज़्यादा सचेत हुआ। आपातकाल की समाप्ति के बाद अदालतों ने व्यक्ति के नागरिक अधिकारों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाई। न्यायपालिका आपातकाल के वक्त नागरिक अधिकारों की कारगर तरीके से रक्षा नहीं कर पाई थी।<br><br>**(i) 1975 में घोषित आपातकाल के दौरान भारत के नागरिकों का कौन–सा मूल अधिकार सबसे अधिक प्रभावित हुआ ?**<br>**(ii) आपातकाल के पश्चात्, अदालतों ने व्यक्ति के नागरिक अधिकारों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभानी क्यों शुरू की ?**<br>**(iii) क्या 'नागरिक अधिकारों के अधिकार ' पर कोई प्रतिबंध नहीं होना चाहिए ? अपने उत्तर के पक्ष में एक उपयुक्त तर्क दीजिए।** | |
| उ0 | i) स्वतंत्रता का अधिकार<br><br>ii) क) आपातकाल के दौरान अधिकारों को नकार दिया गया।<br>ख) प्रेस सेंसरशिप ने पूरे देश **में** अफवा**हों के फैलाव को बढ़ावा दिया**।<br>ग) कई निर्दोष लोगों को सरकार की **ज़्यादितियों** का सामना करना पड़ा।<br>या कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु (कोई दो)<br><br>iii) 'स्वतंत्रता के अधिकार' पर प्रतिबंध है और प्रतिबंध होने चाहिए। पूर्ण स्वतंत्रता अराजकता को जन्म देती है **जिससे** स्वतंत्रता का आनंद नहीं लिया जा **सकता** । इसलिए उचित प्रतिबंध आवश्यक हैं। | 1+2+2=5 |
| **प्र0 20.** | **नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**<br><br><br>**(i) इस कार्टून से संबन्धित देश को पहचानिए।**<br>**(ii) इस देश में चल रही शासन प्रणाली का मूल्यांकन कीजिए।**<br>**(iii) भारत की शासन व्यवस्था कार्टून से संबन्धित देश की शासन व्यवस्था से किस प्रकार भिन्न है ?**<br><br>**नोटः– निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर हैं :**<br>**20.1 बांग्लादेश कब से कब तक पाकिस्तान का एक भाग था ? उल्लेख कीजिए।**<br>**20.2 भारत और चीन के बीच विवाद के किन्हीं दो मुद्दों को उजागर कीजिए।**<br>**20.3 'सार्क' (दक्षेस) के किन्हीं चार सदस्य देशों के नाम लिखिए।** | |



Downloaded From : http://www.cbseportal.com Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://www.cbseportal.com

उ0

i) पाकिस्तान

1+2+2=5

ii) a) पाकिस्तान में वास्तविक लोकतंत्र **नहीं** है। पाकिस्तान **की** शासन व्यवस्था पर सेना का काफी प्रभाव है।
b) यहां तक कि निर्वाचित नेताओं को अपनी सफलता के लिए सेना पर निर्भर होना **पड़ता है**।
या कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु (कोई दो)

iii) a) भारत में लोकतंत्र लोकप्रिय है, जबकि पाकिस्तान में निर्वाचित सरकार **भी** सेना से प्रभावित **रहती हैं**।
बी) भारत में धर्मनिरपेक्षता को **अपनाया गया** है, जबकि पाकिस्तान में एक धर्म की सर्वोच्चता है।
या कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु
(कोई दो)

**निम्नलिखित उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर हैं :**

20.1 1947-1971

1+2+2=5

20.2 ए) तिब्बत का मुद्दा
बी) दोनों देशों के बीच सीमा विवाद
**अथवा** अन्य कोई प्रासंगिक विवाद (कोई दो)

20.3 भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, म्यांमार, अफगानिस्तान (कोई भी चार)

**प्र0 21.** भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र में पाँच राज्यों को **A, B , C , D** तथा **E** द्वारा दर्शाया गया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर–पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए :

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |


**(i)** वह राज्य जो 1947 में विभाजन के समय बँट जाने के कारण अस्तित्व में आया ।

**(ii)** वह देशी रियासत जिसके शासक ने भारत के साथ अपने विलय का विरोध किया था।

**(iii)**वह राज्य जहाँ भारत के प्रथम आम–चुनाव में काँग्रेस पार्टी बहुमत पाने में असफल रही थी।

**(iv)**भारत का 29वाँ राज्य।

**(v)** वह राज्य जिसका गठन 1966 में किया गया।






Downloaded From : http://www.cbseportal.com
Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://www.cbseportal.com

| | | |
|---|---|---|
| | नोटः– निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर है :<br>21.1 भारत के पश्चिम में किस राज्य का बँटवारा 1947 में विभाजन के समय हुआ था ?<br>21.2 किस देशी रियासत के निज़ाम ने भारतीस संघ में अपने विलय का विरोध किया था ?<br>21.3 1952 में भारत के प्रथम आम–चुनाव में काँग्रेस किस राज्य में बहुमत प्राप्त नहीं कर सकी थी ?<br>21.4 भारत के 29वें राज्य का नाम लिखिए।<br>21.5 1966 में किस राज्य का गठन किया गया ? | |
| उ0 | (see table below)<br><br>निम्नलिखित उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर है :<br>21.1 पंजाब<br>21.2 हैदराबाद का निजाम<br>21.3 केरल<br>21.4 तेलंगाना<br>21.5 हरियाणा | 1x5=5<br><br>1x5=5 |
| प्र0 22. | सोवियत संघ के विघटन के लिए उत्तरदायी किन्हीं छः कारणों को स्पष्ट कीजिए।<br>अथवा<br>शीत युद्ध को हथियारों की होड़ के साथ–साथ हथियारों के नियंत्रण की ओर ले जाने वाले किन्हीं तीन कारणों को सपष्ट कीजिए। | |
| उ0 | सोवियत संघ के विघटन के लिए उत्तरदायी कारण<br>(i) सोवियत संघ की राजनीतिक और आर्थिक सस्थाओं की आंतरिक कमजोरी।<br>(ii) सोवियत संघ ने अपने संसाधनों का अधिकांश हिस्सा परमाणु हथियारों, सैन्य साजो–सामान तथा उपग्रहों के विकास में इस्तेमाल किया।<br>(iii) सामान्य लोगों को प्रौद्योगिकी और पश्चिम की आर्थिक प्रगति के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त हुई।<br>(iv) सोवियत संघ में प्रशासनिक और राजनीतिक क्षेत्रों में जड़ता आ गई थी।<br>(v) भ्रष्टाचार व्यापक था।<br>(vi) 70 साल से अधिक समय तक सोवियत संघ पर शासन करने वाली सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी लोगों के प्रति जवाबदेह नहीं थी।<br>(vii) मिखाइल गोर्बाचेव ने अर्थव्यवस्था को सुधारने का वादा किया, पश्चिम का साथ लिया और प्रशासनिक व्यवस्था को ढीला कर दिया।<br>(viii) रूस और बाल्टिक गणराज्यों सहित विभिन्न राष्ट्रवादी गणराज्यों के भीतर संप्रभुता की इच्छा का उदय।<br>(ix) शीत युद्ध के दौरान अनेक लोगों का विचार था कि मध्य एशिया के गणराज्यों में राष्ट्रवादी अशांति सबसे उग्र होगी क्योंकि सोवियत संघ के सापेक्ष उनके जातीय, धार्मिक मतभेद और आर्थिक पिछड़ेपन भिन्न थे।<br>अथवा कोई अन्य उपयुक्त कारण।<br>(कोई छः) | 1x6=6 |

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| (i) | E | पश्चिम बंगाल |
| (ii) | D | जम्मू और कश्मीर |
| (iii) | A | केरल |
| (iv) | B | तेलंगाना |
| (v) | C | हरियाणा |



Downloaded From : http://www.cbseportal.com Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://www.cbseportal.com

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा**<br>**कारण**<br>(i) शीत युद्ध के दौरान कई युद्ध हुए, लेकिन यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इन संकटों और युद्धों ने किसी अन्य विश्व युद्ध को जन्म नहीं दिया।<br>(ii) दोनों महाशक्तियां अधिक से अधिक विनाशकारी हथियार और परमाणु हथियारों के लिए एक दूसरे से आगे बढ़ने का प्रयास कर रही थीं।<br>(iii) कोई भी गठबंधन युद्ध की स्थिति में हार का सामना करने के बारे में सोच भी नहीं सकता था। इसलिए वे हथियारों की दौड़ में लगे हुए थे, लेकिन साथ ही दोनों ही जानते थे कि युद्ध के मामले में, दोनों ही विनाश का सामना करेंगे और उपलब्धि के रूप में मनाए जाने के लिए उनके पास कुछ भी नहीं बचेगा।<br>(iv) इसलिए दोनों ने कुछ विशेष प्रकार के परमाणु और गैर परमाणु हथियारों को नष्ट करने में सहयोग करने का फैसला किया।<br>(v) उत्तेजनाओं के बावजूद, कोई भी पक्ष युद्ध का जोखिम नहीं लेना चाहता था क्योंकि कोई भी राजनीतिक लाभ उनके समाज के विनाश का औचित्य सिद्ध नहीं करेगा।<br>(vi) सीमित परीक्षण प्रतिबंध संधि, परमाणु अप्रसार संधि, एंटी बैलिस्टिक मिसाइल संधि जैसे महत्वपूर्ण समझौतों द्वारा हथियारों की दौड़ को नियंत्रित करने के लिए हस्ताक्षर किए गए थे।<br>(कोई भी तीन बिदुं) | 2x3=6 |
| **प्र0 23.** | **सैन्य शक्ति के रूप में अमरीकी वर्चस्व का परीक्षण कीजिए।**<br>**अथवा**<br>**पाकिस्तान में लोकतंत्र की कार्यप्रणाली का विश्लेषण कीजिए।** | |
| उ0 | **सैन्य शक्ति के रूप में अमरीकी वर्चस्व**<br>• सैन्य शक्ति के रूप में अमरीकी वर्चस्व का अभिप्राय अन्य देशों की तुलना में उसकी सैन्य बढ़त और प्रभुत्व से है।<br>• आज अमरीका की सैन्य शक्ति का पूरा विश्व लोहा मानता है।<br>• अमरीका अपनी सैन्य क्षमता के बल पर दुनिया में कहीं भी निशाना साध सकता है और दुश्मन को पंगु बना सकता है।<br>• अमरीका अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ाने के लिए अपने से नीचे के 12 अन्य देशों के कुल खर्च से भी अधिक खर्च करता है।<br>• अमरीका के सैन्य प्रभुत्व का आधार सिर्फ उच्च सैन्य व्यय नहीं बल्कि उसकी गुणात्मक श्रेष्ठता भी है।<br>• इराक पर अमरीकी हमले से उसकी विजय क्षमता प्रकट हुई है।<br>अथवा कोई अन्य अन्य प्रासंगिक बिंदु<br>(पूर्ण रूप में मूल्यांकन किया जाए)<br><br>अथवा<br>**पाकिस्तान में लोकतंत्र की कार्यप्रणाली**<br>• पाकिस्तान में लोकतंत्र की कार्य प्रणाली नियमित, स्थिर और सफल नहीं है ।<br>• पाकिस्तानी राजनीति में सेना की बहुत प्रभावशाली भूमिका है।<br>• पाकिस्तान के निर्चाचित नेता सैन्य शासन पर निर्भर करते हैं।<br>• जनरल याहया खान, जनरल अयूब खान, जनरल जिया-उल-हक और जनरल मुशर्रफ ने लोकतंत्र की हत्या की और पाकिस्तान के शासक बने।<br>• लेकतांत्रिक प्रणाली से निर्वाचित प्रधान मंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो, बेनजीर भुट्टो, नवाज शरीफ और मुजीब-उर-रहमान इन सभी को गैर-लोकतांत्रिक प्रवृत्तियों का सामना करना पड़ा तथा उन्हें निरतंर परेशान किया गया।<br>या अन्य कोई प्रासंगिक बिंदु<br>(पूर्ण रूप में मूल्यांकन किया जाए) | 6<br><br>6 |
| **प्र0 24.** | **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संगठनात्मक ढ़ांचे और कार्यप्रणाली का वर्णन कीजिए।** | |



Downloaded From : http://www.cbseportal.com Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://www.cbseportal.com

<table>
<tr><td></td><td>अथवा<br>**सुरक्षा को ख़तरे के किन्हीं तीन नए स्रोतों का वर्णन कीजिए।**</td><td></td></tr>
<tr><td>उ0</td><td>• **सुरक्षा परिषद का संगठनात्मक ढ़ांचा**<br>(i) सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र का महत्वपूर्ण अंग है।<br>(ii) इसके कुल 15 सदस्य हैं जिसमें पाँच स्थायी व 10 अस्थायी सदस्य होते हैं। अस्थायी सदस्यों का चुनाव महासभा द्वारा केवल दो वर्षों के लिए किया जाता है।<br>(iii) स्थायी सदस्यों के पास 'वीटो पावर' है जिसके बल पर वे सुरक्षा परिषद के किसी भी निर्णय को नकार सकते हैं।<br>(iv) अस्थायी सदस्य देश केवल दो वर्ष के लिए चुने जाते हैं तथा उनके पास वीटो का अधिकार नहीं होता।<br>(v) किसी भी अस्थाई सदस्य को अपनी अवधि पूरी करने के पश्चात, तुरंत नहीं चुना जा सकता।<br>(कोई तीन)<br>• **सुरक्षा परिषद की कार्य प्रणाली**<br>(i) सुरक्षा परिषद प्राथमिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए उत्तरदायी है।<br>(ii) संयुक्त राष्ट्र शांति सेना को कब और कहाँ भेजना है–इसका निर्णय सुरक्षा परिषद लेती है।<br>(iii) सुरक्षा परिषद विवादाग्रस्त देशों को अपने विवाद शांतिपूर्ण ढ़ंग से हल करने के लिए कह सकती है।<br>(iv) कुछ मामलों में सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए बल प्रयोग को अधिकृत कर सकती है।<br>(v) सुरक्षा परिषद महासभा को महासचिव नियुक्त करने तथा नए सदस्य देशों को प्रवेश देने की सिफारिश करती है।<br>(vi) महासभा के साथ मिलकर, सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायधीशों को चुनती है।<br>(कोई तीन)<br>**अथवा**<br>**सुरक्षा को ख़तरे के नए स्रोत**<br>(i) आतंकवाद –इसका संबंध राजनीतिक हिंसा से है जो बिना किसी सोच के नागरिकों को अपना निशाना बनाता है। वे किसी राजनीतिक संदर्भ या उस स्थिति को बदलने के लिए जो उन्हें पसंद नहीं, नागरिकों को हथियार के रूप में प्रयोग करते हैं। उदाहरण के लिए–विमान अपहरण, भीड़–भाड़ वाली जगहों पर बम्ब लगाना इत्यादि।<br>(ii) मानव अधिकारों का उल्लघंन – वे मानवाधिकार जिन्हें राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों की कोटियों में रखा गया है। इसके अतिरिक्त उपनिवेशीकृत जनता अथवा जातीय और मूलवासी अल्पसंख्यकों के अधिकार भी आते हैं जिनका उल्लघंन एक नया खतरा है। जैसे इराक का कुवैत पर आक्रमण, इन्डोनेशिया सेना द्वारा पूर्व तिमोर में लोगों की हत्या आदि।<br>(iii) महामारियां – अप्रवास, व्यवसाय, पर्यटन इत्यादि द्वारा एच. आई. वी., एड्स, बर्ड फ्लू और सार्स जैसी महामारियां बहुत तेजी से फैली हैं। एक अनुमान के अनुसार 2003 तक विश्व के लगभग 4 करोड़ लोग एच. आई. वी. और एड्स से प्रभावित हो चुके थे। ऐसी महामारियों के इलाज के खर्च से कई क्षेत्र गहन निर्धनता के कारण पिछड़ गए हैं।<br>(iv) वैश्विक निर्धनता– प्रति व्यक्ति उच्च आय और जनसंख्या वृद्वि की कम दर के कारण अमीर देश और अमीर बनते जा रहें हैं जबकि दूसरी ओर प्रति व्यक्ति कम आय और जनसंख्या वृद्वि की ऊंची दर के कारण गरीब देश और गरीब बनते जा रहे है। वैश्विक निर्धनता सुरक्षा के लिए बड़ खतरा है।<br>(v) वैश्विक पर्यावरण निम्नीकरण<br>अथवा कोई अन्य उपयुक्त खतरा<br>(कोई तीन व्याख्या सहित)</td><td>3+3=6<br><br>2x3=6</td></tr>
<tr><td>प्र0 25.</td><td>**पर्यावरण की रक्षा के लिए ऐसे कोई चार कदम सुझाइए जिन्हें भारत सरकार द्वारा तुरंत उठाया जाना चाहिए।**<br>**अथवा**<br>**ऐसे कोई चार कदम सुझाइए जो भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए जाने चाहिए।**</td><td></td></tr>
<tr><td>उ0</td><td>**पर्यावरण की रक्षा के लिए सुझाव**<br>(i) भारत की पर्यावरण संबंधी नीति कड़े नियमों पर आधारित होनी चाहिए तथा सख्ती से लागू की जानी चाहिएं।<br>(ii) अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाने चाहिएं।<br>(iii) ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन पर रोक लगानी चाहिए।</td><td>1½x4=6</td></tr>
</table>



Downloaded From : http://www.cbseportal.com Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://www.cbseportal.com

| | | |
|---|---|---|
| | **(iv)** नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए।<br>**(v)** निजी वाहनों के स्थान पर सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करना चाहिए।<br>**(vi)** पोलीबैगस् तथा प्लास्टिक की बनी वस्तुओं पर प्रतिबन्ध लगना चाहिए और इनके प्रयोग को हतोत्साहित करना चाहिए।<br>अथवा कोई अन्य उपयुक्त सुझाव<br>(कोई चार सुझाव)<br>**अथवा**<br>**भारतीय संस्कृति को लोकप्रिय बनाने हेतु सुझाव**<br>**(i)** बेहतर सुविधाएं प्रदान करके भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देना चाहिए।<br>**(ii)** विश्व के विभिन्न भागों में भारतीय त्यौहारों को मनाया जाना चाहिए।<br>**(iii)** भारतीय संस्कृति पर आधारित चलचित्रों के निर्माण को प्रोत्साहन देना चाहिए तथा इन्हें लोकप्रिय बनाने में सहायता करनी चाहिए।<br>**(iv)** भारतीय संस्कृति से संबन्धित साहित्य का विभिन्न पर्यटक केन्द्रों से वितरण करना चाहिए।<br>**(v)** विभिन्न देशों में स्थित भारतीय होटलों एंव रेस्त्राओं द्वारा भारतीय व्यजंनों, भारतीय संगीत एंव पेन्टिग्स को बढ़ावा देना चाहिए।<br>**(vi)** वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए भारतीय खिलाड़ियों, कलाकारों और नेताओं को रोल मॉडल की भूमिका निभानी चाहिए।<br>**(vii)** अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक आदान–प्रदान के कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।<br>अथवा कोई अन्य उपयुक्त सुझाव<br>(कोई चार सुझाव) | 1½x4=6 |
| **प्र0 26.** | **1977 में अपातकाल हटाए जाने के बाद भारत में घटी किन्हीं तीन मुख्य राजनीतिक घटनाओं का वर्णन कीजिए।**<br>**अथवा**<br>**ऐसी किन्हीं तीन मुख्य घटनाओं का वर्णन कीजिए जिनके परिणामस्वरूप 1969 में कॉंग्रेस पार्टी का औपचारिक विभाजन हुआ।** | |
| उ0 | **1977 में अपातकाल हटाए जाने के बाद भारत में घटी मुख्य राजनीतिक घटनाएं**<br>**(i)** मुख्य विपक्षी दलों ने मिलकर जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में एक नए राजनीतिक दल 'जनता पार्टी' का गठन किया।<br>**(ii)** केन्द्र में प्रथम गैर कांग्रेस सरकार बनी। जनता पार्टी और इसके सहयोगियों को 542 में से 336 सीटें प्राप्त हुई और जनता पार्टी को अकेले दम पर 295 सीटें मिलीं।<br>**(iii)** 44वें संशोधन ने भारतीय संविधान की कई कमज़ोरियों को दूर किया।<br>**(iv)** जनता पार्टी एकजुट नहीं रह सकी और चौधरी चरण सिंह के कांग्रेस पार्टी के सहयोग से प्रधानमंत्री बनने से इसके मतभेद सामने आ गए।<br>**(v)** 1977–80 के बीच दलीय व्यवस्था में परिवर्तन आया और कांग्रेस पार्टी स्वंय को समाजवादी और निर्धनों की पक्षधर के रूप में पहचान देने लगे।<br>**(vi)** 1977 के बाद कांग्रेस पार्टी का उत्तर भारत में तो सफाया हो गया परन्तु दक्षिण भारत में यह कुछ सीटें जीतने में सफल रही।<br>(कोई तीन राजनीतिक घटनाए व्याख्या सहितं)<br>**अथवा**<br>**1969 में कांग्रेस पार्टी के विभाजन के कारण**<br>**(i)** इंदिरा गांधी को कांग्रेस के प्रभावशाली और शक्तिशाली नेताओं के समूह 'सिंडीकेट' से चुनौती का सामना करना पड़ा। सिंडीकेट के नेता इंदिरा गांधी को कठपुतली के रूप में देखना चाहते थे परन्तु उसने उनके साथ टकराव का रास्ता चुना और अपनी पसंद के सलाहकार नियुक्त कर लिए।<br>**(ii)** उसने शक्ति संघर्ष को वैचारिक संघर्ष में बदल दिया।<br>**(iii)** इंदिरा गांधी ने अपनी सरकार की नीतियों को वाम उन्मूख प्रदर्शित करने की पहल की। सिंडीकेट की स्वीकृति लिए बिना उसने दस सूत्री कार्यक्रम बनाया जिनमें बीमा एंव बैंकों का राष्ट्रीयकरण इत्यादि शामिल था।<br>**(iv)** बैंकों के राष्ट्रीयकरण एंव प्रिवी पर्स बंद करने की नीतियों से नाराज़ तत्कालीन उप–प्रधानमंत्री मोरार जी देसाई को त्यागपत्र देना पड़ा।<br>**(v)** 1969 में राष्ट्रपति के लिए निर्वाचन ने मतभेदों को उजागर कर दिया। उस चुनाव में इंदिरा गांधी ने | 2x3=6<br><br>2x3=6 |



Downloaded From : http://www.cbseportal.com Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://www.cbseportal.com

| | | |
|---|---|---|
| | पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार एन. संजीव रेड्डी के विरूद्ध वी. वी. गिरी को समर्थन दिया।<br>**(vi)** वी. वी. गिरी चुनाव जीत गए जिसने इंदिरा गांधी की राजनैतिक शक्ति को सिद्ध किया।<br>**(vii)** इससे काँग्रेस में औपचारिक विभाजन हो गया। सिंडीकेट के नेतृत्व वाली काँग्रेस को काँग्रेस (आरगेनाईजेशन) तथा इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली काँग्रेस को काँग्रेस (रिक्यूजीशनिस्ट) कहा गया।<br>अथवा कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br>(कोई तीन व्याख्या सहित) | |
| **प्र0 27.** | **सहमति के ऐसे किन्हीं तीन मुद्दों को उजागर कीजिए जो यह दर्शाएं कि तीव्र प्रतिद्वन्द्विता और विवादों के बीच अधिकांश राजनीतिक दलों में आम सहमति उभरी है।**<br>**अथवा**<br>**भारत की राष्ट्रीय अखण्डता और एकता को सुदृढ़ बनाने हेतु ऐसे कोई तीन उपाय सुझाइए जो आपकी राय में अत्यंत प्रभावशाली हों।** | |
| उ0 | **राजनीतिक दलों में उभरते सहमति के मुद्दे**<br>**(i)** नई आर्थिक नीतियां – अधिकांश राजनीतिक दल खुले बाजार, विदेशी मुद्रा निवेश, नियोजन तथा नए आर्थिक क्षेत्र बनाने पर सहमत प्रतीत होते हैं।<br>**(ii)** पिछड़ी जातियों और वर्गों के आरक्षण को लगभग सभी दल स्वीकार कर चुके हैं।<br>**(iii)** देश के शासन में प्रांतीय दलों की भूमिका को भी अधिकांश दलों ने स्वीकार कर लिया है। अनेक राज्य/क्षेत्रीय दलों की केन्द्रीय सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।<br>**(iv)** वर्तमान में वैचारिक धरातल से अधिक व्यवहारिक राजनीति और सोच पर बल दिया जा रहा है। न्यूनतम सांझा कार्यक्रम को स्वीकार करते समय दलों को अपनी वैचारिक धारा को कुछ समय के लिए छोड़ना पड़ता है।<br>अथवा कोई अन्य उपयुक्त बिन्दु।<br>(कोई तीन व्याख्या सहित)<br>**अथवा**<br>**भारत की राष्ट्रीय अखण्डता और एकता को सुदृढ़ बनाने हेतु सुझाव**<br>**(i)** पर्यटन– देश की विविधता का दर्शन करने के लिए अखिल भारतीय यात्राओं को प्रोत्साहित करना चाहिए तथा इसके लिए सब्सिडी भी दी जा सकती है।<br>**(ii)** सत्ता में भागीदारी–निर्णय निर्माण एंव नीति निर्माण प्रक्रिया में विभिन्न क्षेत्रों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।<br>**(iii)** संतुलित विकास–विकास के नाम पर किसी राज्य अथवा क्षेत्र की अवहेलना न की जाए। संरचनात्मक ढ़ांचे को विकसित करने के लिए परिवहन, संचार, औद्योगीकरण इत्यादि के विकास पर बल देना चाहिए।<br>**(iv)** देश के सभी शिक्षा बोर्डों को एक सांझा राष्ट्रीय सिलेबस और पाठ्यक्रम अपनाना चाहिए।<br>**(v)** प्रत्येक नागरिक को शिक्षा का माध्यम चुनने में स्वायत्ता मिलनी चाहिए।<br>**(vi)** सरकारों को नागरिकों की सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने को प्राथमिकता देनी चाहिए।<br>अथवा कोई अन्य उपयुक्त सुझाव।<br>(कोई तीन सुझाव व्याख्या सहित)<br>नोट–परीक्षार्थियों को उनके भिन्न उत्तर देने पर भी अंक दिए जाएं यदि वे अपने उत्तर के पक्ष में समुचित तथ्य, कारण अथवा तर्क दें। | 2x3=6<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>2x3=6 |



Downloaded From : http://www.cbseportal.com Courtesy : CBSE